# आइटी और एआइ का वैश्विक हब बनेगा यूपी

राज्य ब्यूरो, जागरण• लखनऊ : उत्तर प्रदेश को आइटी व एआइ का वैश्विक हब बनाने की तैयारी सरकार ने शुरू कर दी है। सरकार की कोशिश है कि वर्ष 2047 तक राज्य में 10 अरब डालर वाली 15-20 'डेकाकार्न' कंपनियां स्थापित हो सकें। इसके लिए सरकार आइटी, एआइ व डीपटेक जैसी तकनीकों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही कौशल विकास के माध्यम से चार करोड़ से अधिक युवाओं की फौज तैयार करने की दिशा में भी सरकार ने काम शुरू कर दिया है।

सरकार ने वर्ष 2030 तक लखनऊ और कानपुर में एआइ सिटी विकसित करने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। एनसीआर, लखनऊ और नोएडा को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) का हब बनाया जाएगा।

सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक कम से कम 20 यूनिकार्न स्टार्टअप तैयार करने का है। वहीं नई निर्यात प्रोत्साहन नीति में साफ्टवेयर निर्यात को बढ़ाने का लक्ष्य सरकार ने रखा है। इसके अलावा स्पेस टेक्नोलाजी पर भी सरकार ने फोकस रखा है।